CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 180 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 22 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अरावली पर 'सेव' की राजनीति? गहलोत के बयान पर राजेन्द्र राठौड़ का तीखा पलटवार

### कहा भ्रम फैला रहे हैं गहलोत, 'सेव अरावली' में उनकी पार्टी तक साथ नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



अरावली पर्वतमाला को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि वे अरावली के नाम पर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं और हैरानी की बात यह है कि उनके इस अभियान में उनकी अपनी पार्टी भी साथ नहीं खड़ी है।

राठौड़ ने कहा कि गहलोत ने 18 दिसंबर को सोशल मीडिया पर 'सेव अरावली' अभियान शुरू करते हुए अपनी प्रोफाइल फोटो बदली, लेकिन न तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, न राहुल गांधी, न मल्लिकार्जुन खड़गे और न ही सचिन पायलट ने ऐसा किया। इससे साफ है कि जिस अभियान को पर्यावरण संरक्षण बताया जा रहा है, वह असल में राजनीतिक दिखावा है।

राजेन्द्र राठौड़ ने गहलोत के उस बयान को पूरी तरह खारिज किया, जिसमें उन्होंने अरावली का 90 प्रतिशत हिस्सा खत्म होने की आशंका जताई थी। राठौड़ के अनुसार, अरावली का करीब 25 प्रतिशत क्षेत्र अभ्यारण्य, राष्ट्रीय उद्यान और आरक्षित वन क्षेत्र में आता है, जहां खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। वहीं पूरे अरावली क्षेत्र में से केवल करीब 2.56 प्रतिशत हिस्सा ही कड़े नियमों और सीमित शर्तों के तहत खनन के दायरे में आता है। भाजपा नेता ने कहा कि गहलोत सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के आदेशों की गलत व्याख्या कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अरावली संरक्षण को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नेतृत्व में गठित समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए कहा था कि आसपास के भू-भाग से कम से कम 100 मीटर ऊंची भू-आकृति को 'अरावली हिल्स' माना जाएगा। यही मानदंड इससे पहले 8 अप्रैल 2005 के आदेश में भी तय किया गया था, जिसे कांग्रेस सरकारों ने वर्षों तक लागू रखा। राठौड़ ने सवाल उठाया कि जब यही नियम कांग्रेस शासनकाल में मान्य था, तो आज गहलोत इसे लेकर जनता को गुमराह क्यों कर रहे हैं?

## सड़क हादसा: कैंपर की टक्कर से दो युवकों की मौत, तीन गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** सवाईपुर-कोटड़ी रोड पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ढोकलिया विद्युत ग्रिड के पास उस समय हुआ, जब सड़क किनारे खड़े युवकों को एक तेज रफ्तार कैंपर ने टक्कर मार दी।

कोटड़ी थाना क्षेत्र के ढोकलिया निवासी पप्पू शर्मा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसक यहां कैटर्स का काम करने वाले मजदूर शनिवार रात को कोटड़ी से सवाईपुर मजदूरी के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। रास्ते में करंट के बालाजी के पास एक बाइक पंचर हो गई, जिस पर सभी युवक सड़क किनारे रुककर बाइक देख रहे थे। इसी दौरान सवाईपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कैंपर ने उन्हें टक्कर मार दी।

सूचना मिलते ही कोटड़ी थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले कोटड़ी चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार दिया गया, बाद में गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि हादसे में बनेड़ा थाना क्षेत्र के डंगास निवासी गोविंद पिता बदरी उर्फ कल्याण भील और भागु पिता शंकरलाल भील की मौत हो गई। वहीं भैरू पिता धन्ना भील, विनोद पिता बदरीलाल भील निवासी डंगास तथा फूलिया कलां थाना क्षेत्र के रूपपुरा निवासी सांवरा पिता शंकरलाल भील घायल हुए हैं।

घटना की खबर मिलते ही डंगास गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को परिजनों के पहुंचने के बाद कोटड़ी चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपे गए। शव गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया और गोविंद व भागु का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर कैंपर चालक और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


## शिक्षकों ने वेतन से रखी नींव, समाज ने दिया संबल

### बिजौलिया के थड़ोदा स्कूल में 15 लाख से बना भव्य सभा स्थल व बेडमिंटन कोर्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**कपिल श्याम विजय ।**

जब संकल्प मजबूत हो और समाज साथ खड़ा हो, तो सरकारी स्कूल भी विकास की मिसाल बन सकते हैं। ऐसा ही उदाहरण महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय थड़ोदा में देखने को मिला है, जहां शिक्षकों की पहल और समुदाय के सहयोग से करीब 15 लाख रुपये की लागत से विशाल टिन शेड युक्त प्रार्थना/सभा स्थल और बेडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया गया।



विद्यालय के शिक्षकों ने पहले कदम बढ़ाते हुए अपने वेतन से 1.25 लाख रुपये एकत्र किए। इसके बाद भामाशाहों और अभिभावकों को जोड़कर जन-सहयोग का ऐसा अभियान चला कि देखते ही देखते 15 लाख रुपये की राशि जुट गई। लगभग 5 हज़ार वर्गफुट क्षेत्र में बने इस सभा स्थल से अब विद्यार्थियों को प्रार्थना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल गतिविधियों के लिए समुचित सुविधा मिल सकेगी।

इस अभियान में पत्थर व्यवसायी कमलेश धाकड़ ने 10 हजार वर्गफुट सैंडस्टोन फर्शी उपलब्ध कराकर अहम योगदान दिया। अन्य भामाशाहों और अभिभावकों ने भी छोटे-बड़े सहयोग देकर निर्माण कार्य को गति दी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विद्यालय भवन का निर्माण करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से हो चुका है, जबकि हाल ही में डीएमएफटी मद से 67 लाख रुपये की स्वीकृति प्रयोगशाला निर्माण के लिए भी प्राप्त हुई है।


विद्यालय में वर्तमान में 650 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों से शिक्षक कमी के बावजूद विद्यालय का परीक्षा परिणाम जिले में श्रेष्ठ रहा है। सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी यह विद्यालय ब्लॉक स्तर पर अग्रणी रहा है और सरकारी विद्यालयों में नामांकन के मामले में प्रथम स्थान पर है। यहां की एनसीसी इकाई भी अनुशासन और व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाती है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शिक्षकों ने विद्यालय भवन और स्टेडियम क्षेत्र में सैकड़ों पौधे रोपित कर अनुकरणीय पहल की है। भविष्य में सहयोगी भामाशाहों की नाम पट्टिका लगाने और जन-सहयोग से हॉल के और विस्तार की योजना भी बनाई गई है। हालांकि, बढ़ते नामांकन के अनुपात में अतिरिक्त कक्षा-कक्षों की आवश्यकता अभी भी बनी हुई है।

थड़ोदा स्कूल की यह पहल साबित करती है कि यदि शिक्षक नेतृत्व करें और समाज सहयोग दे, तो सरकारी शिक्षा व्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

## नरसिंह द्वारा मंदिर में चोरी, भगवान के चांदी के मुकुट ले गए अज्ञात चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**



कस्बा स्थित नरसिंह द्वारा मंदिर में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोर मंदिर में विराजमान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी जी के सिर से लगभग 2 किलो चांदी से निर्मित 8 मुकुट चोरी कर ले गए। घटना के बाद श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार मंदिर में भगवान के मुकुट गायब पाए जाने पर पुजारी एवं श्रद्धालुओं ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि एक व्यक्ति स्वयं को महात्मा बताकर बीती रात मंदिर परिसर में ठहरा हुआ था, जो शाम के समय वारदात के बाद फरार हो गया।

सूचना पर जहाजपुर पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी रेवड मल एवं थानप्रभारी राजकुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज, मंदिर रजिस्टर और आसपास के मार्गों की बारीकी से जांच शुरू की है ।

गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी मंदिर में दो बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में सुरक्षा बढ़ाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## चोरों का आतंक: एक रात में आधा दर्जन दुकानों के शटर तोड़े, लाखों का माल व नकदी चोरी








सीसीटीवी में कैद चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

नगर पालिका क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार रात चोरों ने सुनियोजित तरीके से एक के बाद एक आधा दर्जन दुकानों के शटर तोड़कर लाखों रुपये का माल और नगदी चोरी कर ली। वारदातों से पूरे कस्बे में दहशत का माहौल है और पुलिस की रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, लाडपुरा मेगा हाईवे पर स्थित राजस्थान बैटरी सर्विस की दुकान का शटर तोड़कर चोर करीब 15 हजार रुपये की दो बैटरियां ले गए। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित श्रीजी मेडिकोज से 25 हजार रुपये नकद, चांदी का एक मांडलिया, अंगूठी और आवश्यक दस्तावेज चोरी कर लिए गए। इसी तरह नंदराय चौराहे के पास तिरुपति ट्रेडर्स का शटर तोड़कर सिगरेट के डंडे, ड्राई फ्रूट, नमकीन और 10 हजार रुपये नकद सहित करीब दो लाख रुपये का माल पार कर दिया गया।

इसके अलावा मेगा हाईवे पर चौधरी मोटर रिवाइंडिंग की दुकान से चाय बनाने के बर्तन व नगदी चोरी की गई। चमन चौराहे के पास सलीम भाई मोटर रिवाइंडिंग से चोर 3 एचपी से 5 एचपी तक की 15 मोटरें, करीब डेढ़ क्विंटल पुराना तांबा, लगभग 300 किलो नया तांबा वायर चोरी कर ले गए, जिसकी कीमत करीब पांच से छह लाख रुपये आंकी जा रही है। वहीं बनास कांटा नई आबादी स्थित भारत इलेक्ट्रिक की दुकान से भी नए व पुराने तांबे के बंडल चोरी हुए, जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है।

सूचना मिलने पर कस्बा पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी हुई दुकानों व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक ईको वाहन में सवार पांच चोर साफ तौर पर कैद हुए हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो महीनों में नगर पालिका क्षेत्र में 11 बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पहली पांच चोरियों का आज तक खुलासा नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि रात्रिकालीन गश्त सुस्त होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।

इस मामले में असलम शाह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 7 दिन के भीतर चोरियों का खुलासा नहीं हुआ, तो कस्बेवासी धरना-प्रदर्शन करेंगे।

CMYK

# चंवरा के हनुमान मंदिर में राव गुर्जर समाज की बैठक, आठ गांवों ने लिए समाज सुधार के निर्णय



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** बड़लियास कस्बे में स्थित चंवरा के हनुमान मंदिर प्रांगण में राव गुर्जर समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में बेड़च क्षेत्र के आठ गांवों के समाजजनों ने भाग लेकर समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा की।

भगवतीलाल राव ने बताया कि बैठक से पूर्व हनुमान जी महाराज को भोग अर्पित किया गया। इसके बाद समाज सुधार से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में शिक्षा को बढ़ावा देने, शराब पर पूर्ण पाबंदी, मृत्यु भोज में केवल एक मिठाई रखने, तथा मांगलिक आयोजनों में नानेरा, दादेरा एवं ससुराल पक्ष के कपड़े पहनने जैसे महत्वपूर्ण समाज सुधारक निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने अपने-अपने सुझाव रखे और इन निर्णयों को गांव-गांव तक लागू करने का संकल्प लिया। बैठक में पुष्कर असवार, बद्रीलाल जागा, श्यामलाल नानौत, हीरालाल दातिका, भेरूलाल दातिका, शंभूलाल पारदा, महावीर भिलिका, कालूलाल ढोलियावत, राधेश्याम जागा, शंभूलाल ढोलियावत, भगवान दातिका, पप्पू भिलिका, श्यामलाल जागा, भूरालाल असवार सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# सनातन मंगल महोत्सव की तैयारियों को लेकर सर्व सनातन समाज की अहम बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचन्द पेसवानी**

हरि सेवा उदासीन आश्रम स्थित सनातन मंदिर परिसर में रविवार को सर्व सनातन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सनातन मंगल महोत्सव की तैयारियों को लेकर व्यापक मंथन किया गया। बैठक का शुभारंभ श्रीराम भक्त हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं शंखनाद के साथ हुआ, इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से वातावरण भक्तिमय बन गया।

बैठक की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने की। उन्होंने बताया कि आगामी 19 फरवरी से 26 फरवरी तक दीक्षा दान समारोह के उपलक्ष्य में आठ दिवसीय भव्य सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को ऐतिहासिक और सुव्यवस्थित बनाने





के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाएं और दायित्वों का वितरण किया गया। महामंडलेश्वर ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 108 श्रीमद् भागवत जी के मूल पाठ होंगे, जिनमें प्रत्येक समाज की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रति समाज एक श्रीफल और मात्र एक रुपये की दक्षिणा रखने का निर्णय लिया गया, जिससे समरसता और समानता का संदेश दिया जा सके। महायज्ञ में सभी समाजों के प्रतिनिधि अपनी धर्मपत्नी के साथ युगल रूप में आहुति प्रदान कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन वस्त्र नगरी भीलवाड़ा के लिए लघु महाकुंभ के समान होगा, जिसमें देश-विदेश से हजारों सनातनी श्रद्धालु एवं अनेक दिव्य संत पधारेंगे। सनातन की भाषा और भूषा की एकरूपता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।पठानकोट से पधारे स्वामी गुरु चरणानंद महाराज (बाबा साहब) ने सेवा भाव से आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में संत मयाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी कुनाल, मिहिर सहित अनेक संतजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चाँदमल सोमानी, सुरेश गोयल, अशोक मूंदड़ा, बद्रीलाल सोमानी, मुरली कोली, सुभाष बाहेती, ईश्वर आसनानी, हीरालाल गुरनानी, कैलाश जीनगर, अंबालाल नानकानी, मनोज शर्मा, लादूलाल भांड, निशा जैन, महावीर खंडेलवाल, अरुण सिंह, मोनू माली, विजयकुमार विजयवर्गीय, ढालूमल सोनी सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख, महिला शक्ति और युवा शक्ति मौजूद रही।

कार्यक्रम का संचालन खुशबू शुक्ला एवं शिवानी भरावा ने किया। बैठक का समापन सायंकाल ठाकुर जी को पौष बड़ा महोत्सव का भोग अर्पित करने के साथ हुआ।

# झूलेलाल मंदिर नाथद्वारा सराय में श्रद्धा व उल्लास के साथ मना पोह चण्ड उत्सव



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचन्द पेसवानी**

नाथद्वारा सराय स्थित दादा हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर में रविवार सायं सिंधी समाज द्वारा पारंपरिक पोह चण्ड का मासिक उत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्ति संगीत, जयकारों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति से मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि कार्यक्रम महंत टेऊंराम भगत के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान झूलेलाल की भजनों, पंजड़ों, पुष्पवर्षा, नृत्य व छेज के माध्यम से भव्य आराधना की गई। 'झूलेलाल मुहिंजो उडेरो लाल ', 'लाल झूलेलाल-झूलेलाल' सहित अनेक भक्तिगीतों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। आराधना के बाद समाजजनों ने आरती कर पल्लव अरदास की तथा देश और सिंधी समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। समापन पर शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए ताहिंरी-कुहर, रां-हलवा, गजक, पिंड खजूर, फलयुक्त हथ-प्रसादी एवं बाजरे की राब का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सेवा समिति के संस्थाध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी सहित रामचंद्र खोतानी, भगवंती भगत, कोमल चावला, महेश खोतानी, हरीशकुमार सखरानी, कालू भगत, चीजन फतनानी, सीमा भगत, ताराचंद ओड़वानी, अशोक केवलानी, आसुदा भगत, धर्मू गुरनानी, हेमंत भगत, दिव्या भगत, नानकराम जेठानी, हार्दिक विधानी, नवीन भगत, सतीश मोनानी, हेमंत धनवानी, सतीश हेमराजानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से होता है जीवन धन्यः मुमुक्षु रामजी महाराज

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय आयोजन का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल उत्सव भवन में रविवार को पोरवाल परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन व्यासपीठ से सोजत रामद्वारा के रामस्नेही संत मुमुक्षु रामजी महाराज ने कहा कि श्रद्धा व भक्ति से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण जीवन को धन्य बनाता है और यह परमात्मा की प्राप्ति का श्रेष्ठ माध्यम है।

महाराज ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन अनमोल है और भागवत ग्रंथ मानव जीवन जीने का संविधान है।






उन्होंने कीर्तन और भक्ति को कलिकाल में मोक्ष का सरल मार्ग बताते हुए कहा कि जो कीर्तन में नहीं नाचता, उसे माया नचाती है। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर रामस्नेही संत डॉ. रामस्वरूप शास्त्री का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। कथा से पूर्व सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो मियाचंदजी की बावड़ी से प्रारंभ होकर कथास्थल तक पहुंची। चुनरी धारण किए सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में भाग लिया। यात्रा में भागवत पौथी पोरवाल परिवार के सदस्यों द्वारा सिर पर धारण की गई।

पहले दिन व्यासपीठ की आरती में समाजसेवी श्गोपाल राठी, बद्रीलाल लड्ढा, संतोषलाल बाहेती, ओमप्रकाश झंवर, केसरीमल सोमानी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया। अतिथियों का स्वागत आयोजक पोरवाल परिवार द्वारा किया गया।

आयोजकों के अनुसार श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा। 22 दिसंबर को नारद-व्यास संवाद व भीष्म उपदेश, 24 दिसंबर को शाम 7.30 बजे रासलीला तथा 26 दिसंबर को भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में त्वरित न्याय, सैकड़ों मामलों का आपसी सहमति से हुआ निस्तारण




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**मानव तिवाड़ी।** तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से रविवार को कस्बा स्थित सिविल न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न बैंकों, न्यायालय एवं विभागों से जुड़े प्रकरणों का आपसी सहमति से त्वरित निस्तारण किया गया। लोक अदालत में कुल 420 प्रकरण रखे गए। इनमें एबीएनएल के 257 प्रकरण (35 स्पेशल) में 54,69,068 रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एसबीआई के 163 प्रकरण (6 स्पेशल) में 26,99,000 रुपये, न्यायालय के एनआई के 46 प्रकरण (39 स्पेशल) में 42,70,000 रुपये तथा भरन पोषण के 7 प्रकरण (स्पेशल) में 2,52,400 रुपये की राशि पर समझौता हुआ। इसके अतिरिक्त न्यायालय पक्ष से 84 प्रकरण रखे गए, जिनमें 61 प्रकरणों में 45,22,400 रुपये का निस्तारण किया गया। इस प्रकार बैंक व विद्युत विभाग सहित 41 स्पेशल प्रकरणों में कुल 81,68,668 रुपये की राशि पर समझौता कराया गया।

कार्यक्रम में तहसीलदार ललित कुमार डीडवानिया, रीडर गोपेश कुमार शर्मा, चौथमल सैनी, लिपिक ग्रेड द्वितीय दिलकुश मीणा , पीएलवी रामबाबू माथुर, अनवर हुसैन व अजय सिंह मीणा, रामदयाल चौधरी उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं में सुमित जोशी, सुनील कुमार जोशी, विठ्ठल तिवारी, प्रदीप शर्मा, दीपक मीणा, जसवंत सिंह सोलंकी, हर्षवर्धन शर्मा, रितेश धाभाई, पंकज धाकड़ शामिल रहे। विभिन्न बैंकों से एसबीआई शाखा प्रबंधक गोपाल लाल लखारा, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रबंधक रोहित सिंह, राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक नरेंद्र शर्मा, कौशल कुमार पारिक, पिंटू चौधरी तथा काशी काशिया उपस्थित रहे। विद्युत विभाग से सतीश कुमार प्रेमी, सहायक राजस्व अधिकारी भूपेश शर्मा एवं कैशियर भी मौजूद रहे।

# मंगरोप में मंदिर के पीछे खेत में मिला 4 माह का भ्रूण



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में रविवार को मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई, जब माता जी के मंदिर के पीछे खेत के पास 4 माह का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुलिस ने मौके पर पहुँच जांच शुरू कर दी।

घटना मंगरोप थाना क्षेत्र के बड़ा काबरा गांव की है । जहाँ झांतला माता मंदिर के पीछे एक खेत के पास भ्रूण पड़ा मिला।

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया आशंका है कि किसी अज्ञात महिला ने गर्भ गिराने के बाद अपने कृत्य को छिपाने के उद्देश्य से भ्रूण को सुनसान क्षेत्र में फेंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया, ताकि साक्ष्य एकत्र किए जा सकें।

पुलिस ने भ्रूण को हमीरगढ़ स्थित उपजिला अस्पताल भिजवाया है ।

# भाजपा मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित, विधायक मीणा ने भरा कार्यकर्ताओ में जोश



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**गजानंद जोशी**

क्षेत्र के कोठाज में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गोपीचंद मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस के पांच वर्षों के कार्यकाल की तुलना में मात्र दो वर्षों में अधिक विकास कार्य किए हैं और आने वाले समय में विकास की गति और तेज होगी।

विधायक मीणा ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से कमर कसकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर सक्रियता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दुर्गालाल धाकड़ ने किया। इस अवसर पर महामंत्री किशन सिंह कानावत, बलवीर सेन, उपाध्यक्ष महेश काबरा, दुर्गेश गुगलिया, महावीर जाट, नरपत सिंह, सत्यनारायण लड्ढा, पप्पू लोधा, प्रशासक गोपाल सिंह, रतनलाल, देबीलाल, रमेश शर्मा, सांवरा धाकड़, विनोद संचेती सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



QUICK BITES

# विश्व ध्यान दिवस आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**:- सवाईपुर क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों पर रविवार को विश्व ध्यान दिवस मनाया गया । आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया की वर्ष 2024 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मनाने की घोषित की । इस ऐतिहासिक पहल के लिए भारत को वैश्विक भागीदार के रूप में नामित किया गया था । 21 दिसम्बर को इसलिए चुना गया क्योंकि यह संक्रांति का प्रतीक है- दुनिया भर में प्राकृतिक परिवर्तन और नवीकरण का दिन, जो अंधेरे से प्रकाश की ओर बदलाव का प्रतीक है । कोटड़ी ब्लॉक के आयुर्वेद विभाग के सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर सुबह 7 से 8 नियमित रूप से योगाभ्यास होता है, इस योगाभ्यास मे आज योग के साथ साथ सामूहिक मेडिटेशन भी किया गया, बन का खेड़ा मे योग प्रशिक्षक शिव प्रकाश सुथार, सातोला का खेड़ा मे योग प्रशिक्षक सत्यनारायण वैष्णव, रेड़वास में योग प्रशिक्षक मंजु वैष्णव, सगतपुरिया मे योग प्रशिक्षक सुषमा कंवर व चेतन प्रकाश लोधा, हाजीवास मे योग प्रशिक्षक चाद मोहम्मद व पुष्पा वैष्णव ने मेडिटेशन और योग अभ्यास करवाया, सभी स्थानों पर ग्राम वासियो और बच्चो ने विशेष रूप से भाग लिया और नियमित योग करने का संकल्प लिया ।।

# बदलता राजस्थानः विकास रथ ने गिनाईं दो साल की उपलब्धियां

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा ।**



प्रदेश में भाजपा सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बदलता राजस्थान अभियान के तहत राजस्थान सरकार का विकास रथ रविवार को लाडपुरा एवं श्यामगढ़ पंचायत क्षेत्र में पहुंचा। विकास रथ के माध्यम से ग्रामीणों को बीते दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का नेतृत्व गोपाल खंडेलवाल के मार्गदर्शन में किया गया। रथ यात्रा के दौरान सरकार की प्रमुख योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यों का विवरण जनता के सामने रखा गया।

इस अवसर पर वर्तमान उप जिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, विधानसभा संयोजक अनिल पारिक, नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, दिवस प्रमुख मोहन सिंह शक्तावत सहित रामस्वरूप तेली, कैलाश तेली, यशोधर वैष्णव, ओमकार पूरी, महावीर सेन, संतोष मेवाड़ा और कस्तूर खटीक उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सरकार के दो वर्ष पूरेः जोश, जुनून और एकजुटता की मिसाल बनी 'रन फॉर सावर' सद्भावना दौड़

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**दिलखुश** । राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'टू ईयर्स ऑफ गवर्नेंस' कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार सुबह सावर ब्लॉक में सद्भावना दौड़ 'रन फॉर सावर' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल प्रशासनिक एकजुटता का प्रतीक बना, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच और सामाजिक सद्भाव का सशक्त संदेश भी आमजन तक पहुँचा गया।

रविवार सुबह 7:30 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम स्थित विवेकानंद स्मारक से दौड़ का शुभारंभ किया गया। तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव के साथ अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेमीचंद सामरिया, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार झाकल एवं प्रधानाचार्य निरंजन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। दौड़ केकड़ी रोड स्थित बालिका विद्यालय के खेल मैदान पर संपन्न हुई। दौड़ में शिक्षा विभाग से चंद्रप्रकाश वैष्णव, राजेंद्र माली, धर्मराज मीणा, सत्येंद्र राव, अंकित जोड़ला, हबीबुर्रहमान, घनश्याम माली, नरेंद्र सेन, शारीरिक शिक्षक नंदकिशोर सामरिया एवं गोपाल सामरिया ने सहभागिता निभाई। वहीं चिकित्सा विभाग से विजय सिंह मीणा, कृषि विभाग से हेमराज मीणा तथा पशु चिकित्सालय से मोनू सिंह शक्तावत सहित विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

सद्भावना दौड़ के माध्यम से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, प्रशासनिक समन्वय एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश प्रभावी रूप से आमजन तक पहुँचाया गया।

# राजस्थान में माल परिवहन होगा सस्ता और तेज, सड़क कनेक्टिविटी मजबूत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



राजस्थान में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की दिशा में राज्य सरकार ने परिवहन और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को मजबूत करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में किए गए योजनाबद्ध प्रयास अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। माल परिवहन को तेज, सुलभ और किफायती बनाने के लिए प्रदेश से गुजरने वाले पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ी सड़क कनेक्टिविटी को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की अहम कड़ी माने जाने वाले पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के स्टेशनों को ऑल-वेदर टू-लेन सड़कों से जोड़ने का व्यापक अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में लगभग 112 करोड़ रुपये की लागत से 59 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। अब तक किशनगढ़, मारवाड़ जंक्शन, केशवगंज और बनास फ्रेट स्टेशनों तक सड़क कार्य पूरा हो चुका है, जबकि श्रीमाधोपुर, सराधना, हरिपुर, चंडावल, जवाली, बिरोलिया, साखून और स्वरूपगंज स्टेशनों तक कनेक्टिविटी का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन सड़कों के बन जाने से उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार माल की ढुलाई में सीधी सुविधा मिलेगी। परिवहन लागत घटने के साथ लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

फ्रेट कॉरिडोर की कनेक्टिविटी को और मजबूती देने के लिए बधाल डीएफसीसी टर्मिनल को राष्ट्रीय राजमार्ग-52 से जोड़ने हेतु 95 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिस पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही मुख्य जिला सड़क-81 पर बागावास बाइपास के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जहां भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। वहीं मंढा रीको औद्योगिक क्षेत्र को लालासर (एमडीआर-81) से जोड़ने के लिए 9 करोड़ रुपये की परियोजना भी प्रगति पर है।

गौरतलब है कि भारतीय रेलवे द्वारा विकसित 1504 किलोमीटर लंबे पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का करीब 564 किलोमीटर हिस्सा राजस्थान से होकर गुजरता है। इस खंड पर 18 नए फ्रेट स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 12 स्टेशन पहले समुचित सड़क सुविधा से वंचित थे। राज्य सरकार की बजट घोषणा के बाद इन सभी स्टेशनों को ऑल-वेदर सड़कों से जोड़ने का काम तेजी से आगे बढ़ाया गया है, जिससे प्रदेश की औद्योगिक तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का हुआ विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** अखिल भारतीय लोधा समाज विकास समाज, जयसिंहपुरा चाकसू (जयपुर) द्वारा आयोजित होने जा रहा चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन समाजिक एकता, संस्कार और सहयोग की जीवंत मिसाल बनने जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को लोधा झोपड़ा में सम्मेलन के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन का शुभ कार्य जयपुर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण लोधा (स्वामी का बांस) ने राजस्थान किसान मजदूर नौजवान सभा सावर तहसील अध्यक्ष देवी लाल लोधा के सान्निध्य में संपन्न किया। इस अवसर पर आगामी 23 जनवरी 2026, बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण लोधा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ऐतिहासिक सम्मेलन गुरूदुर्वाषा ऋषि टोक रोड, जयसिंहपुरा, चाकसू (जयपुर) में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन हेतु वर-वधू पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे समाज के अधिकाधिक परिवार लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि समाजहित में एक प्रेरणादायी घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष लोधा ने कहा कि जिन कन्याओं के सिर से पिता का साया उठ चुका है, उन कन्याओं के विवाह का पंजीयन शुल्क वे स्वयं वहन करेंगे। इस संवेदनशील पहल ने उपस्थित समाजजनों के मन में भावुकता और सम्मान की भावना भर दी। समाजजनों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को फिजूलखर्ची पर रोक, सामाजिक समरसता और संस्कारों की मजबूती का सशक्त माध्यम बताया तथा इसे सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करने का संकल्प लिया।

# विकास रथ पहुंचा सांखड़ा, देवनारायण मंदिर में हुई कलश स्थापना



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**गजानंद जोशी**

भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बदलता राजस्थान बढ़ता राजस्थान अभियान के तहत रविवार को विकास रथ जहाजपुर क्षेत्र के सांखड़ा गांव पहुंचा। इस अवसर पर गोपीचंद मीणा ने ग्रामीणों को राज्य सरकार के सफलतम दो वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसी क्रम में कोटड़ी क्षेत्र के सूरजपुरा गांव में आयोजित भगवान देवनारायण मंदिर के कलश स्थापना कार्यक्रम में भी विधायक गोपीचंद मीणा शामिल हुए। ग्रामीणों की उपस्थिति में कलश स्थापना विधि-विधान से भव्य रूप से संपन्न हुई। विधायक मीणा ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। विधायक मीणा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

# आमेसर में ज्वेलर्स की दुकान पर बड़ी चोरी, कैंपर में आए 7-8 चोर सीसीटीवी में कैद



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

क्षेत्र के आमेसर गांव में शनिवार रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई। गायत्री ज्वेलर्स को निशाना बनाते हुए चोर करीब 5 किलो चांदी, 50 ग्राम सोने के जेवरात और नकदी से भरा लोहे का बक्सा उठा ले गए। दुकान आमेसर निवासी मुकेश सोनी की है। घटना के समय परिवार ऊपर मकान में सो रहा था, जबकि नीचे दुकान से बक्से के साथ खाता-बही व अन्य कीमती सामान भी चोरी हो गया।

सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने शंभूगढ़ थाना पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में कैंपर वाहन में सवार 7-8 अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देते नजर आए। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान व तलाश में जुटी है और जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। लगातार हो रही चोरियों से शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं, जबकि ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

# SIR फेज 2 को लेकर भाजपा अलर्ट मोड पर, भीलवाड़ा विधानसभा की आवश्यक बैठक आहूत

## वास्तविक नाम जुड़ाने और संदिग्ध नाम कटाने के लिए दावे आपत्तियां दर्ज करावे - मेवाड़ा





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में जारी मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (स्ढ्ढक्र) फेज 2 को लेकर भाजपा अलर्ट मोड पर है। इसे लेकर भीलवाड़ा विधानसभा की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय कर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं बीएलए वन मुकेश चेचाणी, मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, ऋतुशेखर शर्मा, मुकेश सोनी, नागेन्द्र सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित हुई।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने एसआईआर फेज 1 के बाद अब फेज 2 में गंभीरता से कार्य करने का आह्वान करते हुए इस अभियान को लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों में वास्तविक नाम जुड़ाने और संदिग्ध नाम कटाने का यह अंतिम अवसर है। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा उठाई गई नए बूथों के गठन से आ रही परेशानी व मतदाताओं के नाम अपने बूथ से अन्य बूथों में जुड़ जाने सहित अन्य समस्याओं को उन्होंने सक्षम अधिकारी तक पहुंचाकर समाधान की बात कही। बीएलए वन मुकेश चेचाणी ने कहा कि 16 दिसंबर से लेकर 15 जनवरी तक मतदाता सूची को लेकर दावे और आपत्तियां मांगी गई है। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म संख्या 6, नाम कटवाने के लिए फॉर्म 7 और मतदाता सूची में सुधार के लिए फॉर्म 8 भरकर संबंधित बीएलओ को जमा कराया जा सकता है।

यह प्रक्रिया ऑनलाइन एवं ई-मित्र के माध्यम से भी उपलब्ध है।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। अंत में आभार उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक तलाइच, मंजू चेचाणी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, लादूलाल जाट, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, अभिश्रुता सोलंकी, अनिल सिंह जादौन, शशांक बिड़ला, भूपेंद्र सिंह, रागिनी गुप्ता, अजय नौलखा, कुलदीप माथुर, महेंद्र नायक, पुनीत प्रताप सिंह, पंकज क्षोत्रिय, हरीश सालवी, तेजेन्द्र सिंह शक्तावत, थानसिंह चंदेल, भगवतीलाल गुर्जर, राधेश्याम गाडरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परकोटे पर श्रमदान, आमजन की भागीदारी से विरासत संरक्षण को मिली नई दिशा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर।** राजस्थान सरकार के सुशासन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जन-सुविधा विकास एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर लगातार जनहितकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में ऐतिहासिक बिजोलिया ठिकाना के पुराने परकोटे की सफाई एवं संरक्षण हेतु भी श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें आमजन की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है।

इसी को लेकर रविवार को श्रमदान कार्यक्रम में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में हर्षेंद्र कुमारी, मृत्युंजय सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बड़े दरवाजे एवं परकोटे क्षेत्र की व्यापक सफाई की, लंबे समय से गिरे पत्थरों को एकत्र कर सुव्यवस्थित किया तथा ऐतिहासिक संरचना के संरक्षण हेतु श्रमदान किया। इस अवसर पर बड़े दरवाजे पर लगे पुराने ध्वज को सम्मानपूर्वक उतारकर नया ध्वज फहराया गया, जिससे परिसर में उत्साह और सकारात्मक वातावरण बना।

कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने



बताया कि नया ध्वज हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में नई ऊर्जा और नवचेतना का प्रतीक है। मंगल ने कहा कि जिस प्रकार बड़े दरवाजे के बाहरी हिस्से पर चित्रकारी के माध्यम से मेवाड़ रियासत के गौरवशाली इतिहास को दर्शाया गया है, उसी तरह भीतर की ओर भी सुंदर, कलात्मक और भक्तिमय चित्रांकन किया जाएगा। इससे यह ऐतिहासिक स्थल संरक्षित होने के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से भी अधिक आकर्षक बनेगा।

मंगल ने कहा कि यह पहल किसी सरकारी योजना के अंतर्गत नहीं, बल्कि पूर्णतः आमजन के श्रम और सहयोग से संचालित जन अभियान है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में हेरिटेज वॉक-वे विकसित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ सकें। उन्होंने अधिक से अधिक नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की।

# सुदामा-कृष्ण मित्रता की मिसाल से भाव-विभोर हुआ मालिनी वाटिका पंडाल

## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचंद पेसवानी

शिक्षाविद स्व. अनुराग बाला पाराशर की स्मृति में मालिनी वाटिका में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को भावपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। अंतिम दिन श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा पंडाल भक्ति, भावनाओं और जयकारों से गूंज उठा। कथा के समापन सत्र में सुदामा-कृष्ण मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे।

कथा के अंतिम दिन मथुरा के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. अरुणाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके बालसखा सुदामा की सच्ची मित्रता का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि निस्वार्थता, समानता और विनम्रता ही वास्तविक मित्रता की पहचान है।

उन्होंने बताया कि निर्धन ब्राह्मण सुदामा जब पत्नी के आग्रह पर द्वारिका पहुंचे तो द्वारपालों ने उन्हें भिक्षुक समझकर रोक लिया, लेकिन जैसे ही सुदामा का नाम भगवान श्रीकृष्ण तक पहुंचा, वे सुदामा-सुदामा कहते हुए दौड़ पड़े और सखा को गले लगा लिया।





इस प्रसंग का मंचन होते ही श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और सुदामा-कृष्ण की झांकी पर पुष्पवर्षा की गई।

कथा का आयोजन खानिया बालाजी मंदिर के महंत रामदास जी त्यागी के सानिध्य में संपन्न हुआ। कथा के मुख्य यजमान डॉ. कमलेश पाराशर ने सफल आयोजन पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं कथा मंडली का आभार जताया। इस अवसर पर कथावाचक पं. अरुणाचार्य महाराज एवं उनकी मंडली का शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह तथा स्व. अनुराग बाला पाराशर द्वारा लिखित पुस्तक 60 सोपान भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं धर्मवीर विकास चौधरी परिवार की ओर से भी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समापन सत्र में पं. अरुणाचार्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की 16 हजार शादियों, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथाओं का सारगर्भित वर्णन करते हुए कहा कि सात दिनों तक श्रद्धा से भागवत श्रवण करने से जीव का कल्याण होता है और इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने सुदामा चरित्र के माध्यम से समाज को अहंकार त्यागकर विनम्रता और निस्वार्थ मित्रता अपनाने का संदेश दिया।

इससे पूर्व प्रवचनों में कथावाचक ने धर्मस्थलों में बढ़ती वीआईपी संस्कृति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अहंकार व्यक्ति को प्रभु से दूर कर देता है, जबकि सच्ची भक्ति विनम्रता और समर्पण से जन्म लेती है। कंस वध, जरासंध युद्ध और रुक्मणी विवाह के प्रसंगों के दौरान पंडाल श्रीकृष्ण-बलराम की जय के जयकारों और भजनों से गूंज उठा, जिससे समूचा वातावरण कृष्णमय हो गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त उपनिदेशक डॉ. कमलाकांत शर्मा 'कमल', डॉ. रविकांत सनाढ्य, शाहपुरा के एसीबीईओ डॉ. सत्यनारायण कुमावत, डॉ. परमेश्वर कुमावत, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी, महामंत्री जितेंद्र पाराशर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# बदलता राजस्थानः गेणोली पहुंचा विकास रथ, दो वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बदलता राजस्थान अभियान के तहत विकास रथ रविवार दोपहर गेणोली पहुंचा। इस अवसर पर गोपाल खंडेलवाल ने विधानसभा क्षेत्र मांडलगढ़ में रथ के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को सरकार के सफलतम दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक खंडेलवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने आधारभूत ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली-पानी और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिनका लाभ सीधे आमजन तक पहुंचा है। विकास रथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी साझा कर पात्र लाभार्थियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, विधानसभा संयोजक अनिल पारिक, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, मोहन सिंह शक्तावत, पूर्व सरपंच रतिराम सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नौगांवा सांवरिया सेठ मंदिर में आयोजित हुई भजन संध्या, भक्ति में झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में रविवार को भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेवाड़ के प्रसिद्ध भजन गायक गुंजन म्यूजिक के सानिध्य में आयोजित विशाल भजन संध्या में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी के सानिध्य में दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक भजनों की अविरल प्रस्तुति रही। इस दौरान बापू नगर से सिंधी नवयुवक मंडल के करीब 150 पदयात्रियों का जत्था गाजे-बाजे के साथ मंदिर पहुंचा, जिनका भव्य स्वागत किया गया।

भजन संध्या में गायक मदन दास और संगीतकार सत्तू दास ने 'सांवरिया सेठ दे दे रे सहारा' सहित कई लोकप्रिय भजनों से समां बांधा, वहीं मंजू तंबोली की प्रस्तुति ने भी वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संघ प्रचारक सुरेश भाई ने कहा कि नौगांवा का यह मंदिर अब जन-जन की आस्था का केंद्र बन चुका है। समिति ने बताया कि मंदिर की दान पेटी से इस बार 1 लाख 1 हजार 450 रुपये की राशि प्राप्त हुई। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती के बाद ठाकुर जी को पोष बड़ा व हलवे का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

# वैष्णव बैरागी प्रीमियर लीगः खिलाड़ियों की नीलामी संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




वैष्णव बैरागी समाज प्रीमियर लीग 2026 को लेकर वैष्णव बैरागी छात्रावास, सुभाष नगर में खिलाड़ियों की नीलामी का भव्य आयोजन किया गया, जो उत्साह और प्रतिस्पर्धा के माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नीलामी में गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे आयोजन का स्तर और आकर्षण बढ़ा। नीलामी के दौरान समाजजनों और खेल प्रेमियों की बड़ी उपस्थिति रही। टीम मालिकों में खिलाड़ियों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और खिलाड़ियों की प्रतिभा के आधार पर रोचक प्रतिस्पर्धा हुई।

आयोजकों ने बताया कि वैष्णव बैरागी समाज भीलवाड़ा प्रीमियर लीग का आयोजन 10 से 15 जनवरी तक सुखाड़िया स्टेडियम में किया जाएगा, जहां रोमांचक मुकाबलों के जरिए उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।आयोजन का संचालन वैष्णव बैरागी समाज युवा शक्ति द्वारा किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।